दिन– शनिवार | दिनांक– 14/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने कहा – व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो गयी है। लोगों से घबराहट में गैस बुकिंग नहीं करने की अपील की।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण समाप्त। अंतिम दिन बेगूसराय और शेखपुरा जिले को दी कई विकास परियोजनाओं की सौगात।

03. सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आज बिहार के तैंतालीसवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

04. और, सारण जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत। मामले की जांच के लिए एसआईटी का किया गया गठन।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि उनतीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो गयी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान भू–राजनीतिक हालात में एलपीजी की आपूर्ति चिंता का विषय है, बावजूद इसके अभी तक देश के किसी भी हिस्से से स्टॉक खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

–––साउंड बाइट–––

श्रीमती शर्मा ने कहा कि लोग घबराहट में आकर एलपीजी की बुकिंग कर रहे हैं, जिस कारण संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी गयी है। उन्होंने लोगों से जरूरत होने पर ही गैस की बुकिंग करने का आग्रह किया है।

–––साउंड बाइट–––

संयुक्त सचिव ने बताया कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और सभी रिफाईनरी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही है।

–––साउंड बाइट–––

---

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शिवालिक और नंदादेवी ने आज तड़के होर्मुज़ जलडमरूमध्य को सुरक्षित तरीके से पार कर लिया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन जहाजों पर बानवे हजार सात सौ मीट्रिक टन एलपीजी है। श्री सिन्हा ने बताया कि ये जहाज़ सोलह और सत्रह मार्च को मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पर पहुंचेंगे।

---

राज्य सरकार ने एलपीजी वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत गठित नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है – **शून्य छह एक दो दो दो तीन तीन शून्य पांच शून्य**। इस टेलीफोन नम्बर पर उपभोक्ता सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे तक एलपीजी की उपलब्धता, वितरण या इससे संबंधित किसी प्रकार की समस्या तथा शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस बीच, राज्य में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। मोतिहारी के ईदगाह रोड स्थित मठिया जीरात स्थित एक जेनरल स्टोर में पुलिस ने छापेमारी कर गैस सिलेंडर की रिफिलिंग करते दुकानदार को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन गैस सिलेंडर बरामद किये गये। इधर, होटलों में घरेलू गैस के इस्तेमाल के आरोप में रोहतास जिले में चार होटल संचालकों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण आज समाप्त हो गया। श्री कुमार ने यात्रा के अंतिम दिन आज बेगूसराय जिले में लगभग दो सौ चौहत्तर करोड़ रुपये की लागत वाली चार सौ दो विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं, उन्होंने शेखपुरा में दो सौ छह करोड़ रूपये की लागत वाली तीन सौ सोलह विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना निर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री कुमार ने कहा कि सड़क संपर्क बेहतर हुआ है, जिससे राज्य के किसी कोने से लोग अब पांच घंटे के अंदर पटना पहुंच सकते हैं।

–––साउंड बाइट–––

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पलायन रोकना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार नये उद्योगों की स्थापना कर रही है।

———साउंड बाइट———

---

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आज बिहार के तैंतालीसवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। लोक भवन में आयोजित समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

———साउंड बाइट———

समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

नवनियुक्त राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा है कि वे बिहार की प्रगति के सहभागी बनेंगे। शपथ ग्रहण के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे राज्य के अलग—अलग जिले जाकर लोगों से मिलेंगे। श्री हसनैन ने बिहार का राज्यपाल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

———साउंड बाइट———

---

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर बैठकों का सिलसिला जारी है। आज पटना में राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर एनडीए के घटक दलों की बैठक हुई। बैठक में सोलह मार्च को होने वाले मतदान को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। इधर, आज पटना में ही भाजपा कोर कमिटी की भी बैठक हुई। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में चुनाव की रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी।

———साउंड बाइट———

---

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि पीएम विश्वकर्मा योजना से अब तक बारह लाख कामगारों को लाभ मिल चुका है। श्री मांझी आज नवादा के गांधी स्कूल के मैदान में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी सह–व्यापार मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये गए। अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि लोक अदालत में तीन हजार से अधिक मामलों का निपटारा किया गया। वहीं, शेखपुरा में सात सौ पैंतालीस और पूर्णिया में एक सौ अड़तीस मामले निष्पादित किये गये।

---

सारण जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में संदिग्ध परिस्थितियों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोगों की आंखों की रोशनी चली गयी है। मृतक के परिजनों ने जहरीली शराब पीने से मौत का आरोप लगाया है। इधर, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि पांच मृतकों में से तीन का पोस्टमार्टम हुआ है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

–––साउंड बाइट––

इधर, सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि शराब माफिया के खिलाफ छापेमारी तेज कर दी गयी है।

––––साउंड बाइट–––

---

नशामुक्त बिहार के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए कल पटना में **पटना मैराथन** का आयोजन किया जा रहा है। गांधी मैदान से शुरू होने वाली इस दौड़ में ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस आयोजन में शामिल होने के लिए दस हजार से अधिक लोगों ने निबंधन करवाया है।

---

मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के तराई वाले क्षेत्रों, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, आज किशनगंज जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, आज लगातार दूसरे दिन भभुआ सैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरबल्ला नहर चौक के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बीस लाख रुपये मूल्य की डेढ़ किलो स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने कहा – व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो गयी है। लोगों से घबराहट में गैस बुकिंग नहीं करने की अपील की।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण समाप्त। अंतिम दिन बेगूसराय और शेखपुरा जिले को दी कई विकास परियोजनाओं की सौगात।

03. सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आज बिहार के तैंतालीसवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

04. और, सारण जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत। मामले की जांच के लिए एसआईटी का किया गया गठन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।